भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 430**

उत्तर देने की तारीख : 24.07.2024

**अल्पसंख्यकों हेतु रोजगार के अवसर**

**430. श्री जुगल किशोर:**
**श्री नव चरण माझी:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों हेतु रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कोई योजना शुरू की गई है;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान सरकार से ओडिशा सहित राज्य-वार छात्रवृत्ति पाने वाले अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) और (ख): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय केंद्रीय रूप से अधिसूचित छह (6) अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण के लिए विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करता है।

पीएम विकास (प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन) योजना मंत्रालय की पूर्ववर्ती 5 आजीविका योजनाओं को एकीकृत करती है, जिसमें 2013-14 में शुरू की गई सीखो और कमाओ योजना और 2015 में शुरू की गई नई मंजिल योजना शामिल हैं। सीखो और कमाओ (एसएके) योजना का लक्ष्य विभिन्न आधुनिक/पारंपरिक कौशल में अल्पसंख्यक युवाओं (14-45 वर्ष) के कौशल को उन्नत करना है। नई मंजिल योजना को अल्पसंख्यक युवाओं, गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के स्कूल ड्रॉपआउट लोगों को लाभ पहुंचाने और शिक्षा और कौशल विकास सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से लागू किया गया था। पात्र लाभार्थियों को पीएम विकास योजना के तहत लाभ मिलता रहेगा। दोनों योजनाओं को मंत्रालय द्वारा पैनलबद्ध परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों (पीआईए) द्वारा कार्यान्वित किया गया था।

मंत्रालय की पूर्ववर्ती 'नया सवेरा' योजना ('निःशुल्क कोचिंग और संबद्ध' योजना) के तहत, जिसे 2007-08 से 2021-22 तक लागू किया गया था, अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों/अभ्यर्थियों को तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए योग्यता परीक्षाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और रेलवे सहित केंद्र और राज्य सरकारों के तहत समूह क, ख, और ग सेवाओं और अन्य समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग के माध्यम से सहायता प्रदान करने के

लिए है। इस योजना को पैनलबद्ध परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से पूरे देश में लागू किया गया था।

इसके अलावा, मंत्रालय की 'नई उड़ान' योजना के तहत, जिसे 2013-14 से 2021-22 तक लागू किया गया था, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), राज्य लोक सेवा आयोगों (एसपीएससी) द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाओं में अर्हता प्राप्त करने वाले अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों का क्षेत्र-वार ब्यौरा नहीं रखा जाता है।

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों की राज्य-वार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

*****

**अनुबंध**

**'अल्पसंख्यकों हेतु रोजगार के अवसर' के संबंध में दिनांक 24.07.2024 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 430 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| **अल्पसंख्यक समुदायों के उन छात्रों की संख्या जिन्होंने शैक्षणिक वर्ष 2017-18 से शैक्षणिक वर्ष 2021-22 तक मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त की है** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **शैक्षणिक वर्ष 2017-18** | **शैक्षणिक वर्ष 2018-19** | **शैक्षणिक वर्ष 2019-20** | **शैक्षणिक वर्ष 2020-21** | **शैक्षणिक वर्ष 2021-22** |
| आंध्र प्रदेश | 1,32,983 | 1,29,589 | 1,61,555 | 1,52,714 | 1,75,881 |
| तेलंगाना | 1,76,726 | 1,69,146 | 1,71,908 | 1,56,037 | 1,77,799 |
| असम | 2,25,605 | 1,16,564 | 2,90,719 | 2,50,267 | 2,35,497 |
| बिहार | 1,22,582 | 2,22,209 | 2,45,662 | 1,34,270 | 1,75,486 |
| छतीसगढ़ | 7,958 | 5,595 | 4,839 | 4,308 | 4,476 |
| गोवा | 1,460 | 349 | 497 | 772 | 1,118 |
| गुजरात | 1,34,673 | 1,28,432 | 1,34,907 | 1,02,873 | 90,391 |
| हरियाणा | 4,685 | 6,259 | 8,860 | 9,396 | 25,053 |
| हिमाचल प्रदेश | 1,667 | 1,541 | 2,056 | 1,985 | 1,819 |
| जम्मू व कश्मीर | 1,57,548 | 1,55,312 | 5,23,653 | 4,66,290 | 3,95,184 |
| झारखंड | 51,895 | 50,466 | 84,133 | 14,332 | 14,174 |
| कर्नाटक | 3,32,989 | 4,33,314 | 5,07,463 | 5,17,527 | 5,68,451 |
| केरल | 5,57,278 | 5,73,776 | 5,93,531 | 5,99,692 | 6,38,742 |
| लद्दाख | - | - | - | 14,862 | 11,903 |
| मध्य प्रदेश | 99,064 | 1,08,841 | 1,37,269 | 1,13,780 | 1,39,838 |
| महाराष्ट्र | 6,19,888 | 6,88,310 | 7,44,273 | 7,34,816 | 8,10,541 |
| मणिपुर | 6,153 | 14,882 | 44,390 | 47,526 | 52,557 |
| मेघालय | 5,544 | 5,392 | 9,865 | 14,630 | 15,488 |
| मिजोरम | 34,436 | 42,696 | 52,652 | 53,129 | 61,081 |
| नागालैंड | 24,840 | 28,156 | 53,156 | 69,053 | 78,013 |
| **ओडिशा** | **9,922** | **10,611** | **12,934** | **17,470** | **25,644** |
| पंजाब | 4,32,616 | 4,09,392 | 4,68,622 | 4,47,136 | 5,05,497 |
| राजस्थान | 1,46,089 | 1,35,980 | 1,65,049 | 1,46,296 | 1,90,684 |
| सिक्किम | 757 | 392 | 716 | 102 | 513 |
| तमिलनाडु | 3,53,184 | 3,25,580 | 3,76,543 | 3,81,455 | 4,49,559 |
| त्रिपुरा | 5,374 | 3,283 | 3,525 | 5,723 | 7,156 |
| उत्तर प्रदेश | 5,77,622 | 6,91,804 | 7,27,980 | 7,47,354 | 8,45,364 |
| उत्तराखंड | 21,012 | 21,275 | 30,197 | 18,621 | 21,837 |
| पश्चिम बंगाल | 10,54,783 | 12,06,629 | 884 | 273 | 576 |
| अण्डमान और निकोबार | 288 | 56 | 107 | 2,796 | 3,294 |
| चंडीगढ़ | 2,307 | 1,342 | 1,461 | 1,913 | 1,813 |
| दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 55 | 134 | 468 | 275 | 318 |
| दिल्ली | 7,345 | 2,216 | 4,928 | 8,328 | 12,553 |
| पुदुचेरी | 1,929 | 2,331 | 3,223 | 3,963 | 4,327 |
| **कुल** | **53,11,257** | **56,91,854** | **55,68,025** | **52,39,964** | **57,42,627** |

| अल्पसंख्यक समुदायों के उन छात्रों की संख्या जिन्होंने शैक्षणिक वर्ष 2017-18 से वित्तीय वर्ष 2021-22 तक मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त की है | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राज्य | शैक्षणिक वर्ष 2017-18 | शैक्षणिक वर्ष 2018-19 | शैक्षणिक वर्ष 2019-20 | शैक्षणिक वर्ष 2020-21 | शैक्षणिक वर्ष 2021-22 |
| आंध्र प्रदेश | 14,161 | 13,292 | 15,408 | 12,661 | 15,217 |
| तेलंगाना | 16,275 | 15,597 | 17,393 | 18,372 | 20,851 |
| असम | 33,071 | 27,856 | 38,531 | 30,456 | 49,111 |
| बिहार | 50,511 | 49,333 | 48,456 | 43,512 | 19,654 |
| छत्तीसगढ़ | 2,189 | 2,114 | 2,202 | 2,198 | 2,745 |
| गोवा | 291 | 140 | 218 | 349 | 459 |
| गुजरात | 20,454 | 20,652 | 23,445 | 21,289 | 23,530 |
| हरियाणा | 5,247 | 3,792 | 4,703 | 5,194 | 7,831 |
| हिमाचल प्रदेश | 570 | 430 | 534 | 500 | 637 |
| जम्मू व कश्मीर | 26,695 | 28,536 | 1,11,052 | 53,725 | 47,601 |
| झारखंड | 15,025 | 12,616 | 13,182 | 5,918 | 5,499 |
| कर्नाटक | 43,917 | 48,924 | 74,944 | 55,081 | 73,919 |
| केरल | 63,084 | 65,875 | 65,635 | 67,583 | 74,335 |
| लद्दाख | - | - | - | 1,593 | 907 |
| मध्य प्रदेश | 18,319 | 18,536 | 22,038 | 20,430 | 23,638 |
| महाराष्ट्र | 47,697 | 48,332 | 48,331 | 47,333 | 42,159 |
| मणिपुर | 3,846 | 3,860 | 5,599 | 4,497 | 4,632 |
| मेघालय | 6,129 | 6,563 | 7,533 | 7,254 | 5,318 |
| मिजोरम | 1,367 | 1,300 | 1,309 | 1,144 | 1,704 |
| नागालैंड | 6,301 | 4,360 | 5,332 | 6,029 | 6,425 |
| **ओडिशा** | **3,260** | **2,134** | **2,738** | **3,146** | **4,032** |
| पंजाब | 61,883 | 55,829 | 56,646 | 53,450 | 55,461 |
| राजस्थान | 23,982 | 24,437 | 27,933 | 27,404 | 30,055 |
| सिक्किम | 101 | 104 | 52 | 85 | 289 |
| तमिलनाडु | 39,193 | 36,628 | 43,241 | 44,319 | 52,432 |
| त्रिपुरा | 1,054 | 1,164 | 1,067 | 1,004 | 1,767 |
| उत्तर प्रदेश | 94,518 | 86,303 | 94,291 | 4,646 | 1,35,329 |
| उत्तराखंड | 4,102 | 2,830 | 4,521 | 1,14,388 | 5,298 |
| पश्चिम बंगाल | 89,303 | 99,957 | 3,730 | 5,184 | 6,560 |
| अण्डमान और निकोबार | 53 | 18 | 9 | 278 | 296 |
| चंडीगढ़ | 174 | 115 | 154 | 123 | 117 |
| दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 56 | 59 | 81 | 57 | 79 |
| दिल्ली | 4,854 | 2,063 | 2,261 | 3,518 | 2,923 |
| पुदुचेरी | 387 | 516 | 572 | 596 | 630 |
| **कुल** | **6,98,069** | **6,84,265** | **7,43,141** | **6,63,316** | **7,21,440** |

| अल्पसंख्यक समुदायों के उन छात्रों की संख्या जिन्होंने शैक्षणिक वर्ष 2017-18 से शैक्षणिक वर्ष 2021-22 तक मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त की है | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **शैक्षणिक वर्ष 2017-18** | **शैक्षणिक वर्ष 2018-19** | **शैक्षणिक वर्ष 2019-20** | **शैक्षणिक वर्ष 2020-21** | **शैक्षणिक वर्ष 2021-22** |
| अण्डमान और निकोबार | 14 | 2 | 3 | 4 | 3 |
| आंध्र प्रदेश | 2,618 | 2,599 | 3,476 | 1,808 | 2,118 |
| असम | 5,178 | 4,437 | 6,158 | 7,216 | 9,384 |
| बिहार | 11,094 | 11,144 | 6,985 | 7,933 | 6,737 |
| चंडीगढ़ | 11 | 8 | 2 | 6 | 7 |
| छत्तीसगढ़ | 499 | 421 | 432 | 441 | 518 |
| दिल्ली | 487 | 459 | 384 | 376 | 296 |
| गोवा | 119 | 76 | 76 | 116 | 51 |
| गुजरात | 4,058 | 3,437 | 3,037 | 2,722 | 2,733 |
| हरियाणा | 1,123 | 821 | 821 | 772 | 1,031 |
| हिमाचल प्रदेश | 69 | 48 | 30 | 32 | 52 |
| जम्मू व कश्मीर | 6,191 | 5,794 | 7,702 | 8,898 | 9,397 |
| झारखंड | 2,439 | 1,264 | 1,501 | 232 | 685 |
| कर्नाटक | 9,970 | 15,979 | 20,779 | 22,510 | 22,175 |
| केरल | 19,240 | 22,038 | 26,205 | 29,630 | 32,815 |
| लद्दाख | | | - | 130 | 81 |
| मध्य प्रदेश | 3,444 | 2,154 | 2,448 | 2,216 | 2,533 |
| महाराष्ट्र | 6,487 | 4,336 | 2,814 | 2,187 | 2,344 |
| मणिपुर | 301 | 364 | 348 | 282 | 338 |
| मेघालय | 1,214 | 1,182 | 1,322 | 1,165 | 601 |
| मिजोरम | 403 | 543 | 1,115 | 46 | 107 |
| नागालैंड | 1,231 | 1,186 | 1,193 | 1,193 | 1,258 |
| **ओडिशा** | **784** | **537** | **436** | **392** | **466** |
| पुदुचेरी | 61 | 57 | 62 | 44 | 48 |
| पंजाब | 5,343 | 3,273 | 2,410 | 1,829 | 1,716 |
| राजस्थान | 3,842 | 3,555 | 3,241 | 3,173 | 2,910 |
| सिक्किम | 13 | 21 | 18 | 34 | 51 |
| तमिलनाडु | 6,108 | 5,475 | 5,685 | 5,295 | 6,862 |
| तेलंगाना | 2,913 | 2,854 | 3,311 | 4,065 | 4,758 |
| दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 10 | 1 | 5 | 7 | 8 |
| त्रिपुरा | 168 | 125 | 81 | 111 | 94 |
| उत्तर प्रदेश | 11,038 | 9,901 | 10,545 | 496 | 12,442 |
| उत्तराखंड | 576 | 526 | 470 | 10,154 | 659 |
| पश्चिम बंगाल | 12,426 | 13,154 | 5,264 | 4,856 | 6,770 |
| **कुल** | **1,19,472** | **1,17,771** | **1,18,359** | **1,20,371** | **1,32,048** |

*****